दैनिक जागरण

03.12.2018

दूसरे दिन 144 छात्रों को मिली नौकरी

प्लेसमेंट

- 31 कंपनियों ने दिया लाखों का ऑफर, उच्चतम पैकेज 46 लाख
- नामी कंपनियों में नौकरी मिलते ही खिली छात्र-छात्राओं की बाछें

जासं, वाराणसी : भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, बीएचयू में कैंपस प्लेसमेंट के दूसरे दिन रविवार को भी छात्र-छात्राओं पर जमकर धनवर्षा हुई। नामी-गिरामी कंपनियों ने छात्रों का लाखों रुपये के पैकेज ऑफर किए।

प्लेसमेंट के तहत रविवार को आइआइटी, बीएचयू स्थित आर्यभट्ट छात्रावास में दिन भर ग्रुप डिस्कशन व साक्षात्कार का दौर चला। 31 कंपनियों ने अपने लिए योग्य उम्मीदवारों का चयन किया। दूसरे दिन कुल 144 छात्र-छात्राओं को नौकरी मिली। इसमें जहां 99 छात्र-छात्राओं को 15 से 46 लाख रुपये का पैकेज ऑफर हुआ, वहीं 45 को 9.6 से 32 लाख रुपये तक के पैकेज मिले। इस वर्ष 1151 छात्र-छात्राओं का रजिस्ट्रेशन कैंपस सलेक्शन के लिए किया गया है। शुक्रवार रात से रविवार तक अमेजन, गोल्ड मैन सैक्स, न्यूटैनिक्स, माइक्रोसॉफ्ट, उबेर, कोडनेशन, अल्फांसो, माइंड टिकल, रिविगो (एसडीई), एप्पल, स्प्रिंकल (एसडीई 1), गूगल, डी शॉ, टॉवर रिसर्च, गाना डॉट कॉम, सिस्को व क्वॉलकॉम कंपनी ने लाखों रुपये पैकेज का ऑफर दिया।